CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# दैनिक मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com
मो. 9653906665



अंक 02/81 | जयपुर | 10 अप्रैल /2025 | गुरुवार | मूल्यः रु. 5 | पृष्ठः 04

## जयपुर में पिता का गले में कैंची घोंपकर मर्डर

### हमले के बाद भाई से बोला- मैंने उनकी हत्या कर दी है, फिर घर से भागा

**जयपुर।**

जयपुर में बेटे ने पिता की कैंची से वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी पिता को लहूलुहान हालत में छोड़कर भाग गया। इस बीच उसने अपने भाई को फोन पर हत्या की जानकारी भी दी थी। घटना शहर के मुरलीपुरा इलाके में 7 अप्रैल की है। मुरलीपुरा थाने के सीआई वीरेंद्र कुरील ने बताया कि विजयबाड़ी के रहने वाले रमेश प्रजापत की हत्या हुई थी। मर्डर के आरोप में उसके छोटे बेटे आशीष प्रजापत को 8 अप्रैल को गिरफ्तार किया है।

### भाई ने भाई के खिलाफ करवाया मामला दर्ज

मामले में प्रदीप प्रजापत (26) ने अपने भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया- 7 अप्रैल की रात करीब साढ़े 8 बजे उसके भाई आशीष को फोन आया था। उसने बताया कि मैंने पिता को मार दिया है। घर पहुंचा तो पिता लहूलुहान हालत में फर्श पर पड़े थे। दोस्त के साथ पिता को खेतान हॉस्पिटल लेकर गया। डॉक्टरों ने एसएमएस रेफर कर दिया। इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई।

### पिता के खून निकलने पर डरकर भागा था आरोपी

जानकारी के अनुसार मृतक रमेश प्रजापत टेलर थे और शराब पीने के आदि थे। वह अपने आरोपी बेटे आशीष और बेटी ज्योति के साथ रहते थे। आशीष हार्डवेयर की दुकान पर काम करता है और बहन पढ़ाई कर रही है। शराब को लेकर पिता और बेटे के बीच आए दिन विवाद होता था। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। गुस्से में आशीष ने कैंची को पिता के गले में घुसा दिया। पिता के खून निकलने पर आशीष डर गया और घर से बाहर निकल कर अपने भाई प्रदीप को फोन कर जानकारी दी। इसके बाद भाग गया।

## मंदिर मुद्दे पर जूली के समर्थन में उतरे राहुल गांधी

### कांग्रेस ने राष्ट्रीय मुद्दा बनाया; राहुल बोले-बीजेपी लगातार दलितों को अपमानित करती आ रही

**जयपुर।**

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली जिस राम मंदिर में गए, उसे तत्कालीन बीजेपी नेता ज्ञानदेव आहूजा द्वारा गंगाजल से धोने के मामले को कांग्रेस ने राष्ट्रीय मुद्दा बना लिया है। राहुल गांधी जूली के समर्थन में उतर आए हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल्स् पर इस मामले से जुड़े वीडियो डालते हुए बीजेपी पर पलटवार किया है। राहुल गांधी ने मंदिर को गंगाजल से धोने के वीडियो को शेयर करते हुए बीजेपी पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने लिखा- ये बीजेपी की दलित विरोधी और मनुवादी सोच का एक और उदाहरण है। बीजेपी लगातार दलितों को अपमानित और संविधान पर आक्रमण करती आ रही है।

### कांग्रेस ने आहूजा को मोदी का चहेता नेता कहा

कांग्रेस ने लिखा- आहूजा का कहना है कि दलित अपवित्र होते हैं। अपवित्र लोग मंदिर में आ गए थे, इसलिए हमने राम मंदिर को गंगाजल से धो दिया। ये पहला मामला नहीं है, बीजेपी और आरएसएस के लोग लगातार दलितों का अपमान करते रहे हैं। मोदी के करीबी ज्ञानदेव आहूजा ने जो किया है, वह बीजेपी की दलित विरोधी मानसिकता का जीता-जागता सबूत है।



साफ है कि बीजेपी दलित विरोधी है और यही इनका असली चाल, चरित्र और चेहरा है। वो तो संविधान की वजह से बीजेपी के लोग दलितों को बर्दाश्त कर रहे हैं और इसी कारण ये बार-बार संविधान बदलने की बात भी करते हैं।

### कांग्रेस ने इसे राष्ट्रीय मुद्दा बनाया

बीजेपी ने ज्ञानदेव अहूजा को भले ही पार्टी से निकाल दिया हो, लेकिन कांग्रेस ने अपने दलित वर्ग से आने वाले नेता टीकाराम जूली के अपमान से जोड़कर इसे राष्ट्रीय स्तर पर उठाया है। कांग्रेस अब बीजेपी को दलित विरोधी बताते हुए पलटवार कर रही है। राजस्थान में इस मुद्दे पर प्रदर्शन हो चुके हैं।

### विवाद पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने क्या कहा- दलित भी हिंदू धर्म के अंग

कांग्रेस अधिवेशन में टीकाराम जूली के मंदिर दर्शन के बाद भाजपा नेता के गंगाजल छिड़कने का मुद्दा गूंजा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- "एक दलित व्यक्ति, जो हमारा नेता प्रतिपक्ष है, वो राम मंदिर के दर्शन के लिए गया। उसके बाद मंदिर को गंगाजल से पवित्र करने का काम किया, यह शर्म की बात है। हम जो दलित, पिछड़े हैं वह भी हिंदू हैं, दलित भी तो हिंदू धर्म के ही अंग हैं।

### मोदी-शाह से अपील

खड़गे ने आगे कहा- एक राजनेता, एक नेता प्रतिपक्ष की यह हालत है तो सोचिए देहात में रहने वाले दलित हिंदुओं की क्या दशा होगी। मोदी साहब यह सुधारो पहले। शाह, आपके पास होम मिनिस्ट्री है, इन अत्याचारों को बंद करो।

### रामनवमी पर टीकाराम जूली ने राम मंदिर में दर्शन किए

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने 6 अप्रैल को रामनवमी के दिन अलवर में बने रामलला मंदिर में दर्शन किए थे। इस पर टिप्पणी करते हुए ज्ञानदेव आहूजा ने कहा था- टीकाराम जूली हिंदू विरोधी हैं। वो करणी माता मंदिर गए और श्रीराम मंदिर भी गए। अब उनके जाने के बाद मैं जाऊंगा और इनके जो अपवित्र पैर पड़े, मूर्तियों को हाथ लगे, वहां गंगाजल छिड़ककर भगवान श्री राम का पूजन करूंगा।

### अगले दिन आहूजा ने मंदिर में गंगाजल छिड़का

अगले दिन 7 अप्रैल को रामगढ़ (अलवर) के पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा रामलला मंदिर पहुंचे और गंगाजल का छिड़काव किया था। जहां ज्ञानदेव आहूजा ने कहा था- रामनवमी के दिन रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान कांग्रेसियों को भी बुलाया गया, जिससे मंदिर अपवित्र हो गया। मैंने गंगाजल छिड़ककर पवित्र किया है।

### आहूजा के बयान के बाद मचा सियासी बवाल, पार्टी ने सस्पेंड किया

अहूजा के इस बयान और मंदिर में गंगाजल छिड़कने के बाद 8 अप्रैल को सियासी विवाद बढ़ गया। प्रदेशभर में कांग्रेस पदाधिकारियों की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। वहीं एक संगठन के कार्यकर्ताओं ने जयपुर में मानसरोवर स्थित आहूजा के आवास के बाहर लगे नेम प्लेट पर कालिख पोत दी थी। इधर, इस विवाद को बढ़ता देख पार्टी भी एक्शन में आई और ज्ञानदेव आहूजा को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किया। साथ ही भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद दामोदर अग्रवाल ने मंगलवार को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में बीजेपी ने आहूजा से जवाब भी मांगा था।

## ◆ ब्रीफ बॉक्स

### निजी स्कूल मनमानी फीस बढ़ोतरी कर लोगों को लूट रहे हैं : आतिशी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने सोमवार को आरोप लगाया कि राजधानी में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद निजी स्कूलों ने मनमानी फीस वृद्धि की है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि कई स्कूलों ने भाजपा के प्रोत्साहन से, बिना उचित निगरानी के अपनी ट्यूशन फीस में मनमानी वृद्धि की। उन्होंने कहा, दिल्ली में भाजपा की सरकार आते ही निजी स्कूलों ने लूट शुरू कर दी है। उन्होंने दावा किया कि आप के कार्यकाल के दौरान स्कूल फीस के लिए कड़े नियम बनाए गए थे।

### वक्फ कानून पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में हुआ हंगामा



**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के विधायकों ने सोमवार सुबह नए वक्फ कानून पर हंगामा किया। एनसी के विधायक वक्फ कानून की कॉपी वैल में लेकर पहुंचे और उसे फाड़ दिया। इस बीच स्पीकर ने सदन की कार्रवाई स्थगित कर दी है। दरअसल, नेशनल कॉन्फ्रेंस और सहित अन्य दलों ने एक बैठक कर विधानसभा में वक्फ कानून के खिलाफ रेजोल्यूशन लाने की बात कही थी।

### मणिपुर में सुरक्षाबलों और संदिग्ध हमलावरों के बीच गोलीबारी



**इम्फाल, एजेंसी।** मणिपुर के थोउबल जिले में हीरोक थाना क्षेत्र के जंगलों से सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान में स्फ्र 12 बोर बंदूक, गोलियां, ग्रेनेड, आंसू गैस शेल, बुलेटप्रूफ जैकेट और अन्य सैन्य सामान बरामद किए। इसी दौरान केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के संदिग्धों ने गोलीबारी की, जिसका जवाब सुरक्षाबलों ने दिया। इधर, इम्फाल वेस्ट से केसीपी-नोयोन ग्रुप का उग्रवादी वाइखोम लवसन सिंह (31) जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया। वांगोई में खेतों से भी बड़ी मात्रा में हथियार मिले।

### मुंबई से बनारस जा रही इंडिगो फ्लाइट में महिला की मौत



**मुंबई, एजेंसी।** इंडिगो एयरलाइंस की मुंबई से बनारस जा रही फ्लाइट में 89 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। इसके बाद प्लेन की छत्रपति संभाजीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक, मृतका की पहचान सुशीला देवी के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की रहने वाली थीं। महिला फ्लाइट में मुंबई से सवार हुई थीं। उड़ान के बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। रात करीब 10 बजे प्लेन लैंड हुआ।

## वक्फ कानून आज से लागू: पश्चिम बंगाल में हिंसा, प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया, गाड़ियां जलाईं; पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस छोड़े

**मुर्शिदाबाद।** वक्फ संशोधन कानून मंगलवार से देशभर में लागू कर दिया गया है। गृहमंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को लोकसभा से, 3 अप्रैल को राज्यसभा से पास हुआ था। 5 अप्रैल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बना था। इससे पहले पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में मंगलवार शाम को वक्फ कानून



के विरोध के दौरान हिंसा भड़क गई है। कई वाहनों को प्रदर्शनकारियों ने आग लगा दी है। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों से झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हैं। वक्फ कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद में मुस्लिम संगठन प्रदर्शन कर रहा था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके। पुलिस ने उन्हें खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। भीड़ हिंसक हो गई। लोगों ने पुलिस के वाहन और अन्य वाहनों में आग लगी दी। इसके बाद भारी पुलिसबल मौके पर तैनात किया गया है। वक्फ संशोधन बिल को पास होने के बाद से अबतक सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 11 अप्रैल से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन नए वक्फ कानून पर हंगामा हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस (NC) के विधायकों ने सदन में बिल पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान NC और भाजपा विधायकों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई।

## अवैध रूप से संचालित होटल, कैफे व रेस्टोरेंट्स पर कोटपूतली नगर परिषद की बड़ी कार्यवाही

### बैंक वाली गली व गोभी के खेत स्थित करीब 10 प्रतिष्ठानों को किया सीज, नोटिस चस्पा

**मरुधर विशेष**

**कोटपूतली,** कस्बे के बैंक वाली गली व गोभी वाले खेत स्थित करीब 10 होटल, कैफे व रेस्टोरेंट्स एवं गेस्ट हाऊस आदि पर बुधवार को कोटपूतली नगर परिषद की विशेष टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुये उन्हें सीज कर दिया। जैसे ही नगर परिषद की टीम एक्सईएन दीपक मीणा के नेतृत्व में कार्यवाही के लिये पहुँची। वैसे ही उनके संचालकों में हडक़म्प मच गया एवं वे मौके से फरार हो गये। बताया जा रहा है कि कस्बे में विगत काफी समय से इनका अवैध रूप से संचालन किया जा रहा था। जाँच में उक्त होटल, कैफे, रेस्टोरेंट व गेस्ट हाऊस आदि के पास कोई वैद्य कागजात एवं लाईसेंस नहीं पाये गये। इनका संचालन अवैध रूप से किया जा रहा था। कुछ कैफे में तो संदिग्ध व अवैध गतिविधि भी संचालित हो रही थी। जाँच के दौरान एक-दो होटलों को छोडकर किसी के पास दस्तावेज नहीं मिले। साथ ही फूड सेफ्टी समेत अन्य लाईसेंस भी नहीं पाये गये। एक्सईएन दीपक मीणा ने जानकारी देते हुये बताया कि राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 के तहत जो भी होटल, रेस्टोरेन्ट, कैफे व गेस्ट रूम आदि चला रहे है, उन्हें लाईसेंस लेना होता है। ऐसे करीब 10-11 प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये उन्हें सीज किया गया है। अगर कोई सीज का ताला तोड़ता है तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाकर अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उल्लेखनीय है कि इस सम्बंध में नगर परिषद द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। परिषद द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ अवैध निर्माण व बिना अनुमति के संचालित व्यवसायों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान एएफओ सत्यनारायण वर्मा, एईएन मुकेश सैनी समेत टीम के कई सदस्य मौजूद रहे।



## आयकर-विभाग ने वॉट्सऐप से पकड़ी कारोबारी की बेनामी संपत्ति

### 1 महीने में 4.53 करोड़ का ट्रांजेक्शन, बचने के लिए कोड वर्ड रखे; डिकोड कर भेजा था नोटिस

**जोधपुर।**

इनकम टैक्स चोरी के मामले में हाईकोर्ट ने वॉट्सऐप चैट को भी एक सबूत के रूप में मानते हुए कारोबारी की याचिका को खारिज कर दिया है। कारोबारी ने जयपुर में खरीदी प्रॉपर्टी को खातों में नहीं दिखाया था। विभाग को जांच के दौरान एक मोबाइल में 4 करोड़ 52 लाख 62 हजार के लेनदेन के सबूत मिले थे। साथ ही, जांच में सामने आया था कि कारोबारी एक लाख रुपए को एक फाइल और 100 ग्राम गोल्ड बार जैसे कोड वर्ड इस्तेमाल करके बचने की कोशिश करता था। जस्टिस पुष्पेंद्रसिंह भाटी व जस्टिस चंद्रप्रकाश श्रीमाली की बैंच ने इस वॉट्सऐप चैट को धारा 153सी के तहत 'अन्य दस्तावेजों' की कैटेगरी में रखते हुए सबूत को सही ठहराया। 13 जुलाई 2020 को बीकानेर के ओम कोठारी ग्रुप पर आयकर विभाग के जयपुर इन्वेस्टिगेशन डायरेक्टरेट ने छापे मारे थे। यहां छापे के बाद 16 जून 2023 को ग्रुप को नोटिस जारी किया था। इसमें खातों में अनियमितताओं से संबंधित जवाब मांगा गया था। इस दौरान कोर्ट में जब वॉट्सऐप से जुड़ी चैट को सबूत के रूप में पेश किया गया तो ओम कोठारी ग्रुप के संचालक गिरिराज पुंगलिया की ओर से इसे चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। इसमें उन्होंने अपनी आय 41,89,700/- आयकर रिटर्न दाखिल करने की बात भी कही थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने आयकर विभाग के सबूतों को कानून सम्मत बताया।



### याचिकाकर्ता के वकील बोले- चैट में केवल संकेत मिले

याचिकाकर्ता पुंगलिया के की और से एडवोकेट आदित्य विजय और पंकज अरोड़ा ने दलील पेश करते हुए बताया- सर्च कार्रवाई में आयकर विभाग ने ओम कोठारी समूह से जुड़े ठिकानों से जब्ती की कार्रवाई की थी। इनमें समूह के निदेशकों और सहयोगियों के बीच वॉट्सऐप चैट भी कब्जे में ली गई थी। इसमें कैश के लेनदेन और जमीनें खरीदने के संकेत थे। इसके बाद आयकर विभाग ने चैट के आधार पर पुंगलिया को अधिनियम की धारा 153 सी के तहत नोटिस दिया। जबकि, उनके यहां से ऐसे कोई दस्तावेज भी बरामद नहीं हुए थे, जो किसी प्रोपर्टी खरीदने की पुष्टि करते हों।

### विभाग ने डिकोड किए थे कोड वर्ड

आयकर विभाग की ओर से वकील के.के. बिस्सा ने कोर्ट को बताया- याचिकाकर्ता को दोषी साबित करने के लिए चैट में पर्याप्त तथ्य मौजूद हैं। चैट में दर्शाए गए लेनदेन के वास्तविकता में होने के साक्ष्य मिले हैं। जिनमें भूखंड की वास्तविक खरीद याचिकाकर्ता समूह द्वारा किए जाने की पुष्टि हुई है। लेनदेन की उस चैट में इस्तेमाल कोड वर्ड को भी डिकोड किया गया। विभाग ने इसके बाद चैट और उसके कोड वर्ड को डिकोड करते हुए कोर्ट के सामने सबूत पेश किए।



## मद्रास हाईकोर्ट ने बढ़ाई कुणाल कमरा की अंतरिम अग्रिम जमानत की अवधि

**मुंबई, एजेंसी**

**कोर्ट ने दिया निर्देश...** न्यायमूर्ति सुंदर मोहन की अदालत ने इस मामले में सुनवाई की और कामरा को निर्देश दिया कि वह संबंधित अदालतों से संपर्क करें और इस संबंध में कदम उठाएं। कुणाल कामरा की अंतरिम अग्रिम जमानत की अवधि को बढ़ाए जाने से उन्हें कुछ राहत मिली है, लेकिन यह मामला अभी भी पुलिस जांच और न्यायिक प्रक्रिया में है। 17 अप्रैल को होने वाली अगली सुनवाई में अदालत इस मामले की स्थिति पर विचार करेगी।

मद्रास उच्च न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर अपनी टिप्पणियों के कारण विवादों में घिरे स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा की अंतरिम अग्रिम जमानत की अवधि 17 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है। कामरा ने गिरफ्तारी की आशंका के बीच अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, और अदालत ने उन्हें राहत दी है।

## शाहरुख खान,अजय देवगन,टाइगर श्रॉफ का कोटा कंज्यूमर-कोर्ट को जवाब

### पान मसाला विज्ञापन में सभी जानकारी सही और सत्य; सुनवाई का अधिकार सीसीपीए को

**कोटा**

बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ ने विमल पान मसाला में केसर होने का भ्रमित प्रचार करने की याचिका को लेकर कोटा कंज्यूमर कोर्ट में जवाब दे दिया। तीनों एक्टर्स ने कहा- सभी तथ्यात्मक कथन निजी ज्ञान,जानकारी के आधार पर सही और सत्य है। जवाब में यह भी लिखा कि जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग को इस मामले को सुनने का अधिकार नहीं है। दरअसल, कोटा के सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा नेता इंद्रमोहन सिंह हनी (एडवोकेट ) ने धारा 89 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत 13 नवंबर 2024 को याचिका दायर की थी। परिवाद पर आयोग के अध्यक्ष अनुराग गौतम और सदस्य वीरेंद्र सिंह रावत ने 21 फरवरी 2025 को शाहरुख खान, अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ और विमल पान मसाला के निर्माता को नोटिस जारी कर उपभोक्ता कोर्ट में तलब किया था।

### केसर होने का भ्रमित प्रचार किया

भाजपा नेता इंद्रमोहन सिंह हनी ने याचिका दायर कर कहा था- केसर का बाजार भाव ही करीब 4 लाख रुपए किलो है। ऐसी स्थिति में इतनी कम दर (5 रुपए का पाउच) पर विमल पान मसाला में केसर होने का भ्रमित प्रचार किया जाता है। इस संबंध में कोई पुख्ता प्रमाण भी विमल पान मसाला की ओर से नहीं दिया हुआ है।

## रान्या सहित 3 आरोपियों की ज्यूडिशियल कस्टडी 21 अप्रैल तक बढ़ी

**बेंगलुरू, एजेंसी।** गोल्ड स्मगलिंग केस में गिरफ्तारी कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव और उसके दो अन्य साथियों की ज्यूडिशियल कस्टडी 21 अप्रैल तक बढ़ाई गई है। अन्य दो आरोपियों के नाम तरुण राजू और साहिल जैन हैं। कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव को बेंगलुरु के केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 3 मार्च को 14.2 किलोग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद 10 मार्च को उसके दोस्त तरुण राजू को अरेस्ट किया गया था।



चिंतन

# रेपो दर में दूसरी कटौती से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी

एक तरफ जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था में टैरिफ वार की दहशत है, अमेरिका के जवाबी शुल्क के साथ आयात पर नए टैरिफ के 9 अप्रैल से प्रभावी होने व चीन के साथ टैरिफ युद्ध के बाद से विश्व स्तर पर आपूर्ति संतुलन के चरमराने का खतरा पैदा हो गया है, वहीं भारत ने इस विषम वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में घरेलू खपत को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। भारत के खिलाफ भी अमेरिका के जवाबी शुल्क व आयात पर नए टैरिफ दर को लेकर पैदा हुई चिंता के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के मकसद से बुधवार को लगातार दूसरी बार प्रमुख ब्याज दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया। इससे पहले इस साल फरवरी में मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर 6.25 प्रतिशत किया गया था। यह मई, 2020 के बाद पहली कटौती और ढाई साल के बाद पहला संशोधन था। मुद्रास्फीति में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच इस कदम से नवंबर, 2022 के बाद से कर्ज की लागत सबसे कम स्तर पर आ गई है। रेपो रेट में कटौती से उद्योग जगत व उपभोक्ता दोनों को फायदा होगा। उद्योग को कर्ज सस्ते में मिलेंगे, इससे निवेश प्रवाह बढ़ेगा। ब्याज घटने से होम, ऑटो और अन्य तरह के कंज्यूमर लोन भी सस्ते होंगे, जिससे खपत बढ़ाने में मदद मिलेगी। हाल के महीनों में सरकार ने घरेलू खपत बढ़ाने के कई उपाय किए हैं। जिनमें बजट में आयकर छूट सीमा बढ़ाने व कॉरपोरेट कर में कमी जैसी कई योजना के साथ महंगाई भत्ता में बढ़ोत्तरी व आठवें वेतन आयोग का ऐलान व शामिल हैं। रिजर्व बैंक ने फरवरी के बाद अप्रैल में भी चौथाई फीसदी की कटौती कर तीन महीने में नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में आधा फीसदी की कटौती कर दी है। अब रेपो रेट 6 फीसदी हो गया है। केंद्रीय बैंक ने आगे भी कटौती का संकेत दिया है। यह मौके पर उठाया गया सही आर्थिक कदम है। इसी के साथ सरकार को नए निवेश करने होंगे और अपने योजनागत खर्च बढ़ाने होंगे, जिससे घरेलू खपत व आर्थिक गतिविधियों में तेजी आए। भारत के पास वैश्विक आपूर्ति सिस्टम में भी भरपूर अवसर है, लेकिन इसके लिए प्रतिस्पर्धात्मक रहना जरूरी है। रिजर्व बैंक ने जीडीपी दर का अनुमान भी 6.7 फीसदी से घटा कर 6.5 फीसदी कर दिया है, इससे साफ है कि इस वर्ष भी भारतीय अर्थव्यवस्था सुस्ती की जद में रहेगी। पिछले दो तिमाही से भारतीय जीडीपी की चाल मंथर है, जो राष्ट्र के ग्रोथ व विकसित भारत के लक्ष्य के लिए माफिक नहीं है। निजी व सरकारी नए निवेश व सार्वजनिक खर्च बढ़ाने होंगे, आम लोगों को टैक्स राहत देनी होगी, अप्रत्यक्ष टैक्सेशन को और सरल बनाना होगा, कच्चे तेल के सस्ता होने के अनुरूप पेट्रोल व डीजल पर करों में कटौती करनी होगी, तभी घरेलू अर्थव्यवस्था गति पकड़ेगी। जीएसटी व पेट्रोलियम पर उच्च टैक्स दर के भरोसे राजस्व हासिल करने की प्रवृत्ति से बाहर निकलना होगा और इसे तर्कसंगत बनाना होगा। आयात पर निर्भरता कम करनी होगी व निर्यात के लिए नए बाजार देखने होंगे। अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लागू होने से वृद्धि और मुद्रास्फीति को लेकर अनिश्चितताएं बढ़ी हैं। डॉलर कमजोर हुआ है, बॉन्ड वैल्यू में नरमी आई है, स्टॉक मार्केट बेहाल है, कच्चे तेल तीन साल के निचले स्तर पर हैं। ऐसे में रिजर्व बैंक का 'रेपो कदम' भारतीय अर्थव्यस्था को गति देगा। आरबीआई का रेपो दर घटाने का निर्णय आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने का रणनीतिक कदम है।

बैंकॉक सम्मेलन
अरविंद जयतिलक



# बिम्सटेक को प्रभावी बनाने की पहल

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों को एक मंच पर लाने वाला 'बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) शिखर सम्मेलन संपन्न हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिखर सम्मेलन के जरिए क्षेत्र में सहयोग और समन्वय बढ़ाने की पहल के साथ बैंकॉक विजन 2030 तक का रोडमैप खींच दिया। उन्होंने आर्थिक एकीकरण और कनेक्टिविटी पर जोर देते हुए व्यापार बाधाओं को कम करने, डिजिटल व्यापार एवं ई-कामर्स का विस्तार करने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने सीमा पार लेन-देन को सुव्यवस्थित करने के लिए बिम्सटेक डिजिटल व्यापार मंच की सार्थकता को भी रेखांकित किया। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने भारत के यूपीआई को बिम्सटेक सदस्य देशों की भुगतान सिस्टम से जोड़ने का आह्वान किया ताकि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई दी जा सके। अगर सदस्य देश इसमें दिलचस्पी दिखाते हैं तो निःसंदेह इस क्षेत्र में व्यापार, व्यवसाय और पर्यटन को पंख लगना तय है। जिस तरह दुनियाभर में व्यापारिक तनाव बढ़ रहा है और टैरिफ वार चल रहा है उस परिप्रेक्ष्य में बिम्सटेक क्षेत्र में स्थानीय मुद्रा में व्यापार की संभावनाएं अर्थव्यवस्था को नई गति दे सकती है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी व्यवहारिकता को समझने-परखने के लिए एक अध्ययन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने आतंकवाद निरोध और समुद्री सुरक्षा पर बल देते हुए मानव संसाधन अवसंरचना के संगठित विकास के लिए बिम्सटेक (बोधि) पहल का भी एलान किया। इसका उद्देश्य भारत में प्रत्येक वर्ष तीन सैकड़ा युवाओं को प्रशिक्षित करना है। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस के साथ बैठक कर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का भी सवाल उठाया। देखना दिलचस्प होगा कि मुहम्मद यूनुस इसे कितनी गंभीरता से लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पड़ोसी देश म्यांमार को भी आश्वस्त किया कि वहां आए भीषण भूकंप से निपटने में भारत का सहयोग जारी रहेगा। गौर करें तो इस शिखर सम्मेलन के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को प्रभावी बनाने की हर संभव पहल की है। ध्यान देना होगा कि मौजूदा समय में वैश्विक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में बिम्सटेक को प्रभावी बनाना न सिर्फ दक्षिण व पूर्वी एशिया के हित में है बल्कि यह क्षेत्रीय मंच समूचे विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन सकता है। शिखर सम्मेलन में बनी सहमति के इन प्रभावी सुझावों को मूर्त रूप दिया जाता है तो निःसंदेह बिम्सटेक की उपादेयता बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि बिम्सटेक यानी बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग उपक्रम की स्थापना 1997 में हुई। यह बंगाल की खाड़ी से तटवर्ती या समीपी देशों का एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग संगठन है। गौर करें तो बिम्सटेक क्षेत्र प्राकृतिक साधनों, जनशक्ति तथा प्रतिभा से भरपूर है। विश्व की 22 फीसद आबादी इस क्षेत्र में रहती है और इसका संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद 2500 अरब डॉलर है। अगर सदस्य देश सामंजस्य बनाकर कार्य करते हैं तो इससे इस क्षेत्र में व्याप्त गरीबी, अशिक्षा और कुपोषण से लड़ने में मदद मिलेगी। अच्छी बात है कि बिम्सटेक ने अपने हर सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय लिए हैं। इन निर्णयों का ही प्रतिफल है कि आज बिम्सटेक देशों के बीच आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं। आज नेपाल के कुल पूंजी निवेश में लगभग 36 फीसद पूंजी निवेश भारत करता है। भारत सरकार औसतन वार्षिक बजट का लगभग 60 से 75 करोड़ रुपये नेपाल को पर्याप्त सहायता पैकेज के रूप में देती है। बिम्सटेक के सदस्य देश भूटान की कृषि, सिंचाई, सड़क परियोजनाओं में भारत निरंतर सहयोग कर रहा है। भूटान की चुक्ख हाईडिल परियोजना एवं पेनडेना सीमेंट संयंत्र खोलने के लिए भारत ने बड़ी धनराशि मुहैया करायी है। भूटान के सचिवालय के निर्माण तथा पुराने मठों तथा विहारों के जीर्णोद्धार में भी भारत मदद कर रहा है। इसके अलावा भारत उसे केरोसिन और तेल की सब्सिडी भी देता है। बिम्सटेक के अन्य सदस्य देश म्यांमार, श्रीलंका और थाइलैंड के साथ भी भारत के गहरे रिश्ते हैं। म्यांमार में लोकतंत्र के उदय में भारत की अहम भूमिका रही है। पूंजी प्रवाह में उतार-चढ़ाव और विकसित देशों की मौद्रिक नीतियों में बदलाव के इस दौर में बिम्सटेक के लिए आवश्यक है कि वह आपसी मतभेदों को भुलाकर अर्थव्यवस्था के विकास को उत्प्रेरित करने, निवेश आकर्षित करने, उच्च आर्थिक वृद्धि बनाए रखने तथा रोजगार के अवसर सृजित करने से जुड़ी नीतियों को अमलीजामा पहनाएं।

(लेखक विदेशी मामलों के विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



दिवस विशेष
डा. अदिति अरुण

ऑटोइम्यून डिसॉर्डर्स, जीवनशैली के लाइलाज कहे जाने वाले रोग, मानसिक बीमारियां, चर्मरोग, जोड़ों के रोग, पेट संबंधी बीमारियां, आदि में होम्योपैथी ने भरोसेमंद इलाज के कई नए आयाम जोड़ दिए हैं। आधुनिक रोगों में होम्योपैथी की सीमा के बावजूद आधुनिक चिकित्सा अपने सामने किसी दूसरी चिकित्सा पद्धति को विकसित होते नहीं देख पा रही है। आधुनिक चिकित्सा की इसी सुपरमेसी का शिकार होम्योपैथी के समक्ष अनेक लाइलाज और जटिल रोगों की चुनौतियां भी हैं। सन् 2017 में अमेरिका में हुए 'नेशनल हेल्थ इंटरव्यू सर्वे' में पाया गया कि लोग तेजी से होम्योपैथिक चिकित्सा को सुरक्षित चिकित्सा विकल्प के रूप में स्वीकार करने लगे हैं।

# होम्योपैथी भी सुरक्षित चिकित्सा विकल्प

होम्योपैथी के लिए 10 अप्रैल का दिन बेहद ख़ास है। इस वर्ष तो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ. सैमुएल हैनिमैन की 270वीं जयन्ती भी है। दुनिया आज के दिन को "विश्व होम्योपैथिक दिवस" के रूप में मनाती है। इस विशेष दिवस के बहाने मैं होम्योपैथी के प्रशंसकों को यह बताना चाहती हूँ कि वैश्विक स्वास्थ्य की चुनौतियों के मद्देनज़र होम्योपैथी में उपचार का दायरा अब उन रोगों तक पहुंच चुका है जिसे दुनिया में आज भी लाइलाज बताया जा रहा है। ऑटोइम्यून डिसॉर्डर्स, जीवनशैली के लाइलाज कहे जाने वाले रोग, मानसिक बीमारियां, चर्मरोग, जोड़ों के रोग, पेट संबंधी बीमारियां, आदि में होम्योपैथी ने भरोसेमंद इलाज के कई नए आयाम जोड़ दिए हैं।

कहते हैं विज्ञान और तकनीक में आपसी प्रतिस्पर्धा की हद बेहद ख़तरनाक होती है। आधुनिक रोगों में होम्योपैथी की सीमा के बावजूद आधुनिक चिकित्सा पद्धति अपने सामने किसी दूसरी चिकित्सा पद्धति को विकसित होते नहीं देख पा रही है। आधुनिक चिकित्सा की इस सुपरमेसी का शिकार होम्योपैथी के समक्ष अनेक लाइलाज और जटिल रोगों की चुनौतियां भी हैं। सन् 2017 में अमेरिका में हुए 'नेशनल हेल्थ इंटरव्यू सर्वे' में पाया गया कि लोग तेज़ी से होम्योपैथिक चिकित्सा को सुरक्षित चिकित्सा विकल्प के रूप में स्वीकार करने लगे हैं। उस वर्ष अमेरिका में 39 लाख वयस्क तथा 9 लाख बच्चों ने होम्योपैथिक चिकित्सा ली। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा विधि है जो शुरू से ही चर्चित, रोचक और आशावादी पहलुओं के साथ विकसित हुई है। सन् 1810 में इसे जर्मन यात्री और मिशनरीज़ अपने साथ लेकर भारत आए। फिर तो इन छोटी मीठी गोलियां ने भारतीयों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा कर अपना सिक्का ज़माना शुरू कर दिया। सन् 1839 में पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह की गंभीर बीमारी के इलाज के लिए फ्रांस के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. जॉन मार्टीन होनिंगबर्गर भारत आए थे। डॉ. होनिंगबर्गर के उपचार से महाराज को बहुत लाभ मिला था। बाद में 1849 में पंजाब पर जब सर हेनरी लारेंस का क़ब्ज़ा हुआ तब डॉ. होनिंगबर्गर अपने देश लौट गए। सन् 1951 में एक अन्य विदेशी चिकित्सक जॉन हंटर लिटर ने कलकत्ता में एक होम्योपैथिक चिकित्सालय की स्थापना की। सन् 1881 में कलकत्ता में पहले होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की। होम्योपैथिक चिकित्सा और उपचार का दायरा अब काफ़ी बढ़ चुका है। बहुत से ऐसे सर्जिकल रोग हैं जिसमें एलोपैथी सर्जरी की ज़रूरत पड़ती है लेकिन होम्योपैथिक दवाओं से इन रोगों में भी अच्छा लाभ मिल रहा है। उदाहरण के लिए किडनी या गॉल ब्लैडर की पथरी, हर्निया ट्यूमर, पाइल्स, मस्से आदि रोगों में होम्योपैथी अच्छा उपचार दे रही है। होम्योपैथी को आप भविष्य की एक मुकम्मल चिकित्सा पद्धति भी कह सकते हैं। जीवनशैली से जुड़े रोग, ऑटोइम्यून डिसऑर्डर्स एवं लाइलाज बता दिए गए रोगों में तो होम्योपैथी बेहतर सिद्ध हो रही है। होम्योपैथी में भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों से निबटने की पूरी क्षमता है। लेकिन स्वास्थ्य संकट की गंभीरता और रोगों की जटिलता के मद्देनज़र यह भी ज़रूरी है कि होम्योपैथी का गंभीर अध्ययन हो और इसे बाज़ार के प्रभाव से बचाकर पीड़ित मानवता की सेवा के चिकित्सा माध्यम के रूप में प्रोत्साहित किया जाए। इन



दिनों हम वैश्विक महामारियों और लाइलाज बीमारियों के दौर में जी रहे हैं। लगभग हर उम्र और वर्ग में जटिल बीमारियों का लाइलाज होना जहां चिंता की बात है वहीं होम्योपैथिक उपचार ने न केवल इसे सहज बनाया है बल्कि बेहद कम ख़र्च में इलाज को आम लोगों के लिए सुलभ कर दिया है। अभी कुछ वर्ष पूर्व ही दुनिया भर में फैले कोरोना वायरस संक्रमण के दौर को याद कीजिए।

उपचार के नाम पर पूरी दुनिया में अफ़रातफ़री थी। लोग परेशान थे और मर रहे थे। ऐसे में होम्योपैथी के रोगनिरोधी दवाओं ने बहुत काम किया। भारत वर्ष में सरकारी और निजी तौर पर बड़ी तादाद में होम्योपैथी की रोग प्रतिरोधी दवा बांटी गई और उसका असर भी हुआ कि कोरोना संक्रमण काफ़ी हद तक कम हो गया और लोग दहशत से बाहर आ गए थे। गंभीर बीमारियों और महामारियों में होम्योपैथी की भूमिका को समझने के लिए जर्नल ऑफ हिस्ट्री ऑफ मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज की 1997 के अंक में दर्ज सन् 1832 एवं 1854 में युरोप में फैले एशियाटिक कालरा महामारी की स्थिति का अध्ययन करना चाहिए। उस समय के जाने माने जनस्वास्थ्य वैज्ञानिक डॉ. जान स्नो ने ब्रिटेन के किंग जॉर्ज (छठे) की मदद से रॉयल लंदन होम्योपैथिक अस्पताल के चिकित्सकों की सेवाएं ली और लाखों लोगों को असमय मरने से बचा लिया था। आज कल वैश्विक स्तर पर होम्योपैथी खूब चर्चा में है। विभिन्न लोगों एवं समूहों में आलोचनाओं के बाद भी होम्योपैथी की स्वीकार्यता बढ़ी ही है। आधुनिक चिकित्सा के कई बड़े चिकित्सक भी न केवल होम्योपैथिक उपचार को अपना रहे हैं बल्कि वे अपने मरीज़ों को होम्योपैथी उपचार लेने की सलाह भी दे रहे हैं।

आज आवश्यकता इस बात की है कि होम्योपैथी के लाभकारी गुणों को वैज्ञानिकता की कसौटी पर परख कर उसे जनसुलभ बनाया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी "ट्रेडिशनल मेडिसिन इन एशिया" नाम से एक मोनोग्राफ प्रकाशित कर होम्योपैथी एवं अन्य आयुष पद्धतियों की प्रासंगिकता को स्वीकार किया है। संगठन ने इस वर्ष (2025) विश्व स्वास्थ्य दिवस के संदेश के रूप में "स्वस्थ शुरुआत- आशापूर्ण भविष्य" की बात की है। संगठन भी मान रहा है कि सभी तार्किक एवं वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धतियों का समन्वय करके ही दुनिया को रोगमुक्त करने की दिशा में सोचा जा सकता है। हम होम्योपैथी की प्रासंगिकता और वैज्ञानिकता को लेकर नियमित चर्चा करें, इसकी कमियों को दूर करने का प्रयास करें साथ ही इसे जनसुलभ बनने के लिए भी पहल करें। वैश्वीकरण के दौर में जब स्वास्थ्य और शिक्षा बाजार की भेंट चढ़ गए हों, तब इस सहज और सस्ती वैज्ञानिक उपचार प्रणाली का महत्त्व वैसे ही बढ़ जाता है। होम्योपैथी में नियमित अनुसंधान की सख़्त ज़रूरत है। हम होम्योपैथिक चिकित्सकों को भी नये रोगों की चुनौतियों और उसके सफल होम्योपैथिक उपचार का अध्ययन करते रहना चाहिए। इन लाइलाज रोगों की चुनौतियाँ तथा आम लोगों में बढ़ती ग़रीबी के मद्दे नज़र भी होम्योपैथी जैसी सहज और सुलभ चिकित्सा पद्धति को और बढ़ाया जाना चाहिए। देखा जा रहा है कि महँगे इलाज का बोझ आम लोगों को कंगाल बना रहा है।देश की एक बड़ी आबादी कुपोषण का शिकार है। हमें यह भी सोचना होगा कि एक तार्किक चिकित्सा प्रणाली को मज़बूत और ज़िम्मेदार बनाने के प्रयासों के बजाए वे कौन लोग हैं जो इसे झाड़ फूंक,प्लेसिबो या सफ़ेद गोली के जुमले में बाँधे रखना चाहते हैं? यदि ये एलोपैथी की दवा और व्यापार की लॉबी है तो कहना होगा कि उनका स्वार्थ महँगी और बेतुके इलाज के नाम पर लूट क़ायम करना और भ्रम खड़ा करना है। हमें उनसे सावधान रहना होगा। नहीं तो आप उपचार की एक सहज, सरल, सस्ती और प्रामाणिक चिकित्सा विधि से महरूम रह जाएंगे।

## शिव के अंश से जन्म पर मनुष्य ज्ञानी होता है



संकलित
दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते-देखते बढ़ भी जाती है।

## मृत्यु अटल है, जो समझे वे प्रसन्न रहेंगे



संकलित
प्रेरणा

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पर प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बात मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### महंगाई को मिलकर नकेल दें सरकारें

देश के लोग इस वक्त महंगाई से त्रस्त हैं। सरकार को महंगाई रोकने के अपने वादों को पूरा करना चाहिए। अकसर यह देखा जाता है कि चुनाव के दौरान भारी भरकम वादे किए जाते हैं, लेकिन उन वादों को निभाया नहीं जाता है। केंद्र की वर्तमान सरकार ने भी चुनाव के दौरान महंगाई पर नकेल कसने का वादा किया था, लेकिन वह इस वादे को पूरा नहीं कर पाई है। प्रायः हर प्रदेश में खाद्य पदार्थों के दाम ऊपर ही जा रहे हैं। आटा, चावल, सब्जियां, तेल, दालों आदि के भाव अपनी ऊंचाई पर हैं। फलों के दाम भी बढ़ते ही जा रहे हैं। महंगाई को बढ़ने से रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों को भी कदम उठाने चाहिए। यह एक सामूहिक दायित्व है।

*- लखन चतुर्वेदी, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### रामसहाय के निधन से दुख



सुप्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री रामसहाय पांडे जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उन्होंने अपनी अद्भुत कला, लगन और परिश्रम से बुंदेलखंड के लोकनृत्य राई को अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाई। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों और प्रशंसकों को संबल प्रदान करें। ओम शांति!

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### समृद्ध राजधानी दिल्ली



हमारा लक्ष्य केवल शासन करना नहीं, बल्कि प्रत्येक दिल्लीवासी को नीति निर्धारण और विकास प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाना है। दिल्ली को एक समावेशी, सशक्त और समृद्ध राजधानी बनाने के संकल्प के साथ हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### संविधान की सुरक्षा जरूरी



बीजेपी लगातार दलितों को अपमानित और संविधान पर आक्रमण करती आ रही है। इसलिए संविधान का सिर्फ सम्मान नहीं, सुरक्षा भी ज़रूरी है। देश संविधान और उसके आदर्शों से चलेगा, मनुस्मृति से नहीं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### रचनात्मक सामग्री




भारत रचनात्मक सामग्री का सबसे बड़ा निर्माता और उपभोक्ता है। यदि संगठित और असंगठित रचनात्मक अर्थव्यवस्था को एक साथ रखते हैं तो हम पहले से ही एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# अमेरिका ने खाद्य सहायता कार्यक्रम में मदद बंद की

ट्रंप प्रशासन ने अफगानिस्तान, सीरिया, यमन और 11 अन्य गरीब देशों में लाखों लोगों के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम को वित्तीय सहायता देना बंद कर दिया है, जबकि इनमें से कई देश संघर्ष का सामना कर रहे हैं। संगठन और अधिकारियों ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को यह जानकारी दी। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिका से इस फैसले को वापस लेने की अपील की। दो अमेरिकी अधिकारियों और एसोसिएटेड प्रेस के पास मौजूद दस्तावेजों के अनुसार इस सहायता को बंद कर 'यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट' द्वारा संचालित कुछ बचे मानवीय कार्यक्रमों को भी बंद किया जा रहा है। डब्ल्यूएफपी ने 'एक्स' पर कहा, 'यह कटौती अत्यधिक भूख और भुखमरी का सामना कर रहे लाखों लोगों के लिए मौत की सजा के बराबर हो सकती है।" एजेंसी ने कहा कि उसने इस तरह के कार्यक्रमों के 'लगातार समर्थन का आग्रह करने के लि" ट्रंप प्रशासन से बात की है और पहले के योगदान के लिए अमेरिका और अन्य मददगारों को धन्यवाद दिया।




## ऑफ बीट

# पालतू बिल्ली से एलर्जी का खतरा क्यों ज्यादा होता है

अगर आपने अपने घर में बिल्ली पाल रखी है, तो सावधान हो जाएं। पालतू बिल्लियां धूल के कणों के बाद एलर्जी उभरने की दूसरी सबसे बड़ी वजह हैं।



लेकिन, पालतू बिल्लियों से एलर्जी का वास्तविक स्रोत क्या है? और क्या बिल्लियों की कुछ नस्लें एलर्जी के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील होती हैं? बिल्लियों से एलर्जी को लेकर कई भ्रम और गलतफहमियां हैं। आइए, इनमें से कुछ को दूर करें। बाल जिम्मेदार नहीं-आम धारणा के विपरीत बिल्ली के बाल लोगों में एलर्जी के लिए जिम्मेदार नहीं होते। अलबत्ता, बिल्ली की लार और त्वचा की ग्रंथियों में पैदा होने वाला प्रोटीन 'फेल डी 1' एलर्जी के खतरे को बढ़ावा देता है। यूं तो बिल्लियों के शरीर में एलर्जी के लिए जिम्मेदार आठ कण का उत्पादन होता है, लेकिन विभिन्न अध्ययनों में 'फेल डी 1' को इनमें सर्वाधिक घातक पाया गया है। 'फेल डी 1' एक सूक्ष्म प्रोटीन है, जो कपड़ों और अन्य सतहों से आसानी से चिपक जाता है। यह हवा में भी लंबे समय तक सक्रिय रह सकता है, जिससे इसके श्वास के रास्ते शरीर में प्रवेश करने की आशंका रहती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि 'फेल डी 1' उन घरों में भी मौजूद हो सकता है, जहां बिल्लियां नहीं होतीं।

# एसआई भर्ती फर्जीवाड़े में पहली बार एसडीएम गिरफ्तार, डमी कैंडिडेट बनकर दी थी परीक्षा

जैसलमेर

सब इंस्पेक्टर भर्ती फर्जीवाड़े में प्रदेश में पहली बार एसडीएम की गिरफ्तारी हुई है। SOG की टीम ने जैसलमेर के फतेहगढ़ एसडीएम हनुमान राम को गिरफ्तार किया है। हनुमान राम ने डमी कैंडिडेट बनकर नरपतराम की जगह एसआई भर्ती परीक्षा दी थी। जोधपुर रेंज पुलिस ने 3 दिन पहले एसआई भर्ती मामले में नरपतराम (29) और उसकी पत्नी इंद्रा (27) को गिरफ्तार कर एसओजी को सौंपा था। पूछताछ में दोनों ने एसडीएम हनुमान राम का नाम लिया था। इसी के आधार पर हनुमान राम को गिरफ्तार किया गया है।




## RAS परीक्षा 2021 में मिली थी 22वीं रैंक

बाड़मेर जिले के बिसारणियां गांव निवासी हनुमानराम विरड़ा को RAS परीक्षा-2021 में 22वीं रैंक मिली थी। हनुमान राम 2016 से लगातार आरएएस की तैयार कर रहा था और दूसरे प्रयास में आरएएस में 22वीं रैंक हासिल की। हनुमानराम के परिवार में पिता कौशला राम, माता पेम्पो देवी, दो भाई और 6 बहने हैं। पिता और भाई गांव में खेती करते हैं। हनुमान राम ने 2016 में भाटिया आश्रम सूरतगढ़ से आरएएस की तैयारी की थी। 2016 में आरएएस की परीक्षा दी, लेकिन सिलेक्शन नहीं हुआ। 2018 में बाड़मेर में सांख्यिकी विभाग संगणक के पद पर चयन हुआ। सरकारी नौकरी करते हुए आरएएस की तैयारी नहीं छोड़ी। दूसरे प्रयास में उसका सिलेक्शन हो गया था। हनुमान राम की पहली पोस्टिंग 13 फरवरी 2023 चितलवाना (जालोर) में एसडीएम के पद पर हुई थी। इसके बाद एसडीएम बागोड़ा (सांचौर) के पद पर रहा और फिर शिव एसडीएम के पद पर तबादला हुआ। 11 फरवरी 2025 को जैसलमेर के फतेहगढ़ में एसडीएम के पद पर जॉइन किया था।

## एसआई एग्जाम में पास हुई अभ्यर्थी ने लिया था पति-पत्नी का नाम

डमी कैंडिडेट बैठाकर एसआई एग्जाम में पास हुई हरखू जाट तक एसओजी पहुंची थी। हरखू ने पकड़े जाने के बाद पूछताछ में नरपतराम और उसकी पत्नी इंद्रा का नाम लिया था। हरखू ने बताया था कि उसकी और इंद्रा की मुलाकात एक लाइब्रेरी में हुई थी। हरखू पढ़ने में कमजोर थी, जबकि इंद्रा होशियार थी। ऐसे में हरखू ने इंद्रा को उसकी जगह पेपर देने का ऑफर दिया था। इंद्रा के पति नरपत को जब यह बात मालूम चली तो उसने हरखू से 15 लाख रुपए लिए और इंद्रा को डमी कैंडिडेट बनाकर हरखू की जगह एग्जाम दिलाया, जिसमें हरखू पास भी हो गई। हरखू अंतिम रूप से चयनित होकर प्लाटून कमांडर बन गई थी। हालांकि इंद्रा ने खुद भी एग्जाम दिया था, लेकिन वह फेल हो गई थी। जब पति-पत्नी को हरखू के एसओजी में पकड़े जाने की सूचना मिली, तब दोनों फरार हो गए। तीन दिन पहले जोधपुर रेंज पुलिस ने ऑपरेशन तर्पण चलाकर नरपतराम और इंद्रा को गिरफ्तार किया था। नरपत राम को गोवा में वाइन शॉप से और इंद्रा को खेमे का कुआं, पाल रोड (जोधपुर) से गिरफ्तार किया था। पति के पकड़े जाने की भनक लगते ही इंद्रा भागने की फिराक में थी, लेकिन उसके पहले ही पकड़ी गई।

## आईटीएमएस के जरिए बेहतर टैक्स प्रबंधन की सुविधा के लिए उद्यमियों के साथ सेमिनार का हुआ आयोजन

जीएसटी विभाग की नीमराना रीको ऑफिस में सेमिनार आयोजित




मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एसजीएसटी) वृत्त शाहजहांपुर संभाग भिवाड़ी के अधिकारियों द्वारा बुधवार को रीको कार्यालय सभागार नीमराना में बुधवार शाम को कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अनुसार एकीकृत कर प्रणाली (आईटीएमएस) के ई-ऑफिसर मॉड्यूल से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यशाला में आईटीएमएस पोर्टल के उपयोग, नई सुविधाओं, करदाताओं के लिए उपयोगी विषयों की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस पोर्टल के माध्यम से करदाता उनके प्रतिनिधि व्यवस्थित, पारदर्शी और तकनीकी रूप से उन्नत टेक्स प्रबंधन प्रणाली का लाभ उठा सकेंगे। कार्यशाला में नीमराना औद्योगिक संघ के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल कौशिक ने भाग लेकर एसजीएसटी के नए पोर्टल के बारे में जानकारी प्राप्त कर सरकार द्वारा जारी इस सुविधा को करदाताओं के लिए सुलभ ई ऑफिसर मॉड्यूल को बेहतरीन बताया। जिससे करदाता अपनी कर भुगतान संबंधित समस्त जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म से प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर एसजीएसटी शाहजहांपुर उपयुक्त ज्योति स्वरुप शर्मा, सहायक सतपाल यादव, नीरज यादव, मोहर सिंह मीणा, युद्धवीर सिंह यादव, अमित यादव सहित नीमराना औद्योगिक क्षेत्र के सभी लेखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

### पार्षदो की गुटबाजी मे पिस रही हैं शहर की जनता

## उपप्रधान अर्जुन चौकन की अध्यक्षता मे हुई तीसरी बैठक बेनतीजा रही



मरुधर विशेष

**सुनीता सैनी बावल** बावल नगरपालिका मे बजट क़्रो लेकर सदस्ययो की मीटिंग आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता नपा उपप्रधान अर्जुन चौकन नें की पहले दो बार बजट की बैठक मे पास नहीं हो सका हैं आज तीसरी बार बजट क़्रो लेकर सदस्यो की बैठक आयोजित की गई मीटिंग मे सचिव भी मौजूद रहे प्रधान वीरेंदर सिंह की अनुपस्थिति मे बैठक की अध्यक्ष ता उपप्रधान अर्जुन चौकन दुवरा की गई बैठक मे सभी पार्षद मौजूद रहे मीटिंग आरम्भ होते ही उनके वार्डो मे कार्यों का ब्यौरा मांगने पर पार्षद उठकर चले गए जिससे तीसरी मीटिंग मे भी बजट पास नहीं हो सका पहले भी पार्षद भेदभाव का आरोप लगाते रहे हैं पहली बैठक मे कोरम पूरा नहीं होने से बैठक रद्द हो गई थी प्रधान के साथ तीन पार्षद थे बैठक का विरोध करने मे उपप्रधान सहित दस पार्षद मौजूद रहे दूसरी बैठक मे भी दस पार्षद नें बजट क़्रो नामंजूर कर दियाथा आज बजट क़्रो लेकर तीसरी बैठक बुलाई थी सदस्य नें बैठक मे कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई और तीसरी मीटिंग भी चाय समोसे खाने तो सिमटकर रह गई बजट पास नहीं होने से शहर के विकास कार्यों क़्रो ग्रहण लग सकता है सफाई कर्मचारियों सहित अनेक कर्मियों क़्रो वेतन संबंधी परेशानी का सामना करना पड़ेगा और कस्बे के विकास के पहिये क़्रो ब्रेक लगेगा सदस्यो की आपसी खींचतान का खामियाजा कस्बे की जनता भुगत रही हैं कुछ पार्षद निजी स्वार्थ के कारण पलटी मारते रहते हैं जिससे कस्बे मे विकास कार्य नहीं हो रहे हैं वर्तमान मे प्रधान के साथ तीन और उपप्रधान के साथ दस पार्षद बताये जा रहे है कोरम पूरा नहीं होने से बैठक स्थगित हो रही हैं पार्षद की गुटबाजी के शहर की जनता पीस रही हैं

## पेंशनर्स के हितों पर कुठाराघात से संबंधित सीसीए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 को वापस लेने के है संबंध में एक ज्ञापन मनोज खेमादा एसडीएम कुशलगढ़ को दिया

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:**पेंशनर्स के हितों पर कुठाराघात से संबंधित सीसीए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 को वापस लेने के है संबंध में एक ज्ञापन मनोज खेमादा एसडीएम कुशलगढ़ को दिया।भारत सरकार ने संसद की मंजूरी के लिए वित्त विधायक पेश करते समय भारत की संचित निधि से पेंशन देनदारीयो पर व्यय के लिए केंद्रीय सिविल सेवा पेंशन नियमों और सिद्धांतों की मान्यता के लिए एक अध्याय शामिल किया है। इसके माध्यम से सरकार को पेंशनभोगियों के बीच अंतर स्थापित करने का अधिकार मिल गया है। जो केंद्रीय वेतन आयोग की स्वीकृत सिफारिशो पर लागू हो सकता है और विशेष रूप से पेंशनभोगी की सेवानिवृत्ति की तारीख या केंद्रीय वेतन आयोग की स्वीकृत सिफारिश के संचालन की तारीख के आधार पर अंतर किया जा सकता है। उक्त विधायक के माध्यम से केंद्र सरकार ने पेंशनर्स को आठवें वेतन आयोग के लाभ से वंचित करने व पेंशनरों को तिथि के आधार पर वर्गों में बांटकर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन किया है। साथ ही डी एस नकारा मामले में दिनांक 17/12/1982 के सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ के ऐतिहासिक निर्णय को चुनौती दिए





हैं।राजस्थान पेंशनर समाज इस हिटलरशाही वित्त विधेयक का घोर विरोध करता है क्योंकि सातवीं सीपीसी जिसे 01-01- 2016 से पहले और 01-01-2016 के बाद सेवानिवृत्ति पेंशनभोगियों के बीच समानता बनाए रखने के लिए सरकार द्वारा स्वीकार किया गया था। यह विधेयक इस प्रकार की समानता को खत्म कर देता है। इसके अलावा जब से आठवीं सीपीसी की घोषणा की गई है देशभर के पेंशन भोगी अपने पेंशन संशोधन और 01-01- 2026 से पहले सेवानिवृत्ति हुए पेंशनभोगियों और 01-01- 2026 (8वी सीपीसी की सिफारिशो की अपेक्षित तिथि) के बाद सेवानिवृत्ति होने वाले पेंशनभोगीयों के बीच समानता बनाए रखने के बारे में चिंतित है। वर्तमान निर्णय पेंशनभोगियों पर एक बार झटका है और इसलिए सरकार को इस पर पुनः विचार करने और इसे वापस लेने की आवश्यकता है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री भारत सरकार निर्मला सीतारमण के नाम ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में एसडीओ मनोज खेमादा को सौंपा गया राजस्थान पेंशन समाज के प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर राजस्थान पेंशनर समाज की हमारे उप शाखा केंद्र सरकार के इस निर्णय का घोर विरोध करते हुए उन्हें इस विधेयक पर पुनः विचार कर पेंशनरों के हितों में निर्णय लेने का अनुरोध करती है। आपको अवगत करवा दे कि यदि विधेयक में पेंशनरों पर कुठाराघात संबंधी बिंदु नहीं हटाए गए तो राजस्थान पेंशनर समाज को पूरे प्रदेश में आंदोलनात्मक रूख अपनाने को मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन सौंप ते वक्त कुशलगढ़ पेंशनर समाज अध्यक्ष रमेश चंद्र चौहान एडवोकेट हरेंद्र पाठक अजय जोशी देव शंकर पंड्या मुकेश शाह अनिल सेठ अनोखीलाल सोनी प्रदीप महोदिया नटवरसिंह राठौड़ भीमजी मईडा मनोहरलाल सेठ सलीमजी शेख अंबालाल पांचाल मनोहरलाल भाटिया विजयलाल कद्दू अशोक कद्दू नरेश त्रिवेदी कन्हैयालाल बसेर सहित कई पेंशनर्स उपस्थित थे।

## नागौर में कैंपर ने बाइक सवार को रौंदा, गुड़ा भगवानदास गांव में हुआ हादसा

नागौर

नागौर के गुड़ा भगवानदास गांव में एक कैंपर गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी कैंपर चालक टक्कर मारने के बाद गाड़ी लेकर फरार हो गया। पांचौड़ी थाना इलाके के गुड़ा भगवानदास में हादसे के बाद पुलिस ने लापरवाही से चलाने वाले कैंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक के भाई पूनाराम मेघवाल ने आरोपी कैंपर चालक के खिलाफ तेज गति से लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर हत्या करने की रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में लिखा है कि 8 अप्रैल 2025 को भाई बालाराम(25) और ओमप्रकाश मोटरसाइकिल पर सवार होकर शादी का कार्ड देने पांचू गांव गए थे। रात में करीब साढ़े 8 बजे कालड़ी से गुड़ा भगवानदास जाने वाली रोड पर गणेश हुड्डा के खेत के पास मोटरसाइकिल खड़ी करके लघुशंका करके वापस मोटरसाइकिल पर बैठ रहे थे। इस दौरान गुड़ा भगवान दास की तरफ से आ रही एक कैंपर गाड़ी ने तेज गति से खड़ी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और मोटरसाइकिल सवार दोनों जने गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मोटरसाइकिल सवार घायल ओमप्रकाश ने भाई श्रवण राम को फोन किया। श्रवणराम व धर्माराम दोनों मौके पर पहुंचे और घायलों को नागौर जिला अस्पताल के लिए लेकर रवाना हुए। इससे पहले कैंपर गाड़ी वाला ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। नागौर जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने बालाराम को मृत घोषित कर दिया। घायल ओमप्रकाश का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। मृतक बालाराम टेंट हाउस में मजदूरी? का काम करता था, उसके 2 बेटे हैं।



## प्रतापसिंहपुरा के स्कूल में सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत विकास कार्यों का किया उद्घाटन




मरुधर विशेष

**नीमराना** नगरपालिका क्षेत्र के प्रतापसिंहपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हीरो मोटर कॉर्प कंपनी के द्वारा सी एस आर के तहत विकास कार्यों का बुधवार को अनुमोदन( उद्घाटन)किया।हीरो मोटर कॉर्प कंपनी ने स्कूल में संपूर्ण परिसर में रंग रोगन,पेंटिंग,शौचालय,मूत्रालय निर्माण,मंच निर्माण, बैडमिंटन व बास्केटबॉल खेल मैदान के निर्माण कार्य एवं चार दिवारी के निर्माण कराया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में नीमराना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शालिनी राज रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में नीमराना रीको के वरिष्ठ प्रबंधक राहुल भट्ट,नीमराना औद्योगिक संघ अध्यक्ष कृष्ण दत्त शर्मा,प्रतापसिंहपुरा सरपंच रहे हरिसिंह सैनी,कार्यवाहक सीबीईओ कर्मसिंह यादव, शिवचरण गुप्ता,नंदराम ठुकरान, दुलीचन्द गुज़र,अंगद गुजर, परमानन्द सैनी, अंगद कौशलिया,रुडाराम यादव रहे। स्कूल प्रिंसिपल तारामणी ने अतिथियों का फूल माला, पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मान किया।इस अवसर पर आशा यादव, पप्पू अध्यापक, लालाराम सैनी, पप्पू गुजर, जगदीश सैनी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## जोधपुर में सूने मकान के खिड़की-दरवाजे चुराने वाला पकड़ा, पिकअप में भरकर ले गए थे सामान

जोधपुर

जोधपुर ग्रामीण पुलिस की ओसियां थाने की टीम ने क्षेत्र के तापू इलाके में एक सूने मकान के दरवाजे, खिड़कियां चुराने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके बताए ठिकाने से पुलिस ने चुराया गया सामान भी बरामद किया है।

### सामान चुरा कर पिकअप में डालकर भागे थे

डीआईजी सह एसपी (जोधपुर रूरल) राममूर्ति जोशी ने बताया कि ओसियां के तापू निवासी खींयाराम राव पुत्र सूरजाराम ने ओसियां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें उसने बताया - वह अपने परिवार के साथ हिमाचल प्रदेश में रहकर मजदूरी करता है। तापू गांव में उसके मकान पर ताला लगा था। 24 मार्च की रात को अज्ञात बदमाशों ने उसके घर के मैन गेट के साथ रसोई व कमरों के दरवाजे, चार खिड़कियां व अन्य घरेलू सामान चुराकर पिकअप में डाल ले गए। वारदात के अगली सुबह गांव के लोगों से उसे फोन पर जानकारी मिली, तो 26 मार्च को वह गांव आया। इस वारदात का खुलासा करने के लिए ओसियां थानाधिकारी राजेंद्र चौधरी की अगुवाई में विशेष टीम गठित की गई। इसमें एएसआई रामप्रकाश, कॉन्स्टेबल देवाराम, भाकरराम, आशाराम, शिवराम,



धनाराम, जालाराम को शामिल किया गया। टीम ने कई दिनों की मशक्कत में घटना स्थल और आसपास विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी खंगाले, तो उसमें तापू के ही जाटा बास निवासी हरुण खां पुत्र भीखे खां की कारस्तानी नजर आई। इसी आधार पुलिस टीम ने हरुण खां (35) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उससे पूछताछ कर उसके बताए ठिकाने से चुराया गए सभी दरवाजे-खिड़कियां व अन्य सामान भी बरामद कर लिया। वारदात में शामिल उसके साथी बदमाश तापू निवासी हीराराम वाल्मिकी पुत्र सोहनलाल की पुलिस तलाश कर रही है।

## प्रतापगढ़ में एमडी ड्रग्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

प्रतापगढ़

प्रतापगढ़ पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 7 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में ये कार्रवाई की गई। थाना रठांजना पुलिस ने 8 अप्रैल को गादोला से वरमंडल जाने वाले कच्चे रास्ते पर नाकाबंदी की थी। इस दौरान एक पल्सर बाइक पर सवार दो लोगों को रोका गया। तलाशी में उनके पास से 7 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। पकड़े गए आरोपियों की पहचान फिरोज पठान (30) और हमीद पठान (46) के रूप में हुई है। दोनों साकरीया क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों की मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। थाना रठांजना में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। ये कार्रवाई एएसपी परबत सिंह और सीओ गजेन्द्र सिंह राव के मार्गदर्शन में थानाधिकारी दीपक कुमार के नेतृत्व में की गई।



## कल कैथवाड़ा में होगा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के ईद मिलन समारोह कार्यक्रम

मरुधर विशेष

**पहाड़ी डीग** संवाददाता आबिद खान विधायक नौक्षम चौधरी कल कार्यक्रम में करेंगी शिरकत विधायक नौक्षम चौधरी मुख्य अतिथि के तोर पर रहेंगी मौजूद कल दोपहर बाद 3 बजे कैथवाड़ा पहुंचेंगी विधायक विधायक नौक्षम चौधरी ने दी जानकारी।

# जोधपुर में 3 साल से फरार तस्कर पकड़ा

### बहन के घर छुपा था 25 हजार का इनामी, पुलिस पहुंची तो पति से उलझी

जोधपुर

जोधपुर रेंज की साइक्लोनर टीम ने तीन साल से फरार एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि जोधपुर ग्रामीण पुलिस के कापरड़ा थानांतर्गत खोखरिया निवासी प्रकाश विश्नोई (30) पुत्र कालूराम की पुलिस को तीन साल से तलाश थी। उसके खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी, टोल प्लाजा पर मारपीट, पुलिस की गाड़ी को टक्कर मार भागने, आर्म्स एक्ट, पुलिस से हाथापाई,



शराब तस्करी सहित अन्य संगीन मामले दर्ज हो रखे हैं। पूर्व में भी डांगियावास पुलिस ने प्रकाश और उसके चाचा को 10 क्विंटल डोडा-पोस्त के साथ पकड़ा था। बाद में वह कुख्यात तस्कर राजू फौजी के संपर्क में आ गया, जो भीलवाड़ा में दो पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले में जेल में बंद है। बदमाश की गलत हरकतों के चलते बचपन में हुई शादी के बाद गौना करने से इनकार कर दिया। इसके बावजूद सुधरने की बजाय प्रकाश लगातार तस्करी करता रहा। चित्तौड़गढ़ के राशमी थाने में भारी मात्रा में मादक पदार्थ तस्करी व आर्म्स एक्ट के मामले में उस पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया गया। लगातार फरार रहते हुए बदमाश अपने रिश्तेदारों के घर शरण लेता और वहीं से तस्करी करना जारी रखे हुए था। यहां तक कि एक जगह से दूसरी जगह भागते रहने के दौरान तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए उसका एक्सीडेंट हुआ और पैर फ्रैक्चर हो गया। ऐसे में उसे हर कोई अपने पास रखने से कतराने लगा। अंत में उसकी सगी बहन ने अपने बनाड़ स्थित घर में आश्रय दिया। यहां उसकी हरकतों से परेशान बहनोई ने उसकी मौज मस्ती व खर्चों पर नकेल कसने की सोची। इसी बीच, जोधपुर रेंज पुलिस के कंट्रोल रूम पर एक अनजान कॉल आई, जिसमें कुख्यात बदमाश के बारे में जानकारी मिली, लेकिन कॉल करने वाले ने अपना नाम पता नहीं बता फोन काट दिया। साइक्लोनर टीम ने छानबीन की, तो पता चला कि वह किसी मैरिज गार्डन के कर्मचारी का फोन था। उसने पूछताछ में कैटरिंग व्यवसायी पर शक जताते हुए बताया कि उसने फोन मांगा था। टीम ने उससे बातचीत की, तो उसी द्वारा कॉल किए जाने के संकेत मिल गए।

# मध्य प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री और कुशलगढ़ की माटी के सपूत माननीय महेश जोशी (दासाहब) की पुण्यतिथि मानवेंद्र क्लब में मनाई

## सरकारी हॉस्पिटल में लगभग 100 मरीजों को फल व बिस्कुट मानवेंद्र क्लब की ओर से वितरित

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** आज मध्य प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री और कुशलगढ़ की माटी के सपूत माननीय महेश जी जोशी (दासाहब) की पुण्यतिथि मानवेंद्र क्लब में मनाई गई। मानवेंद्र क्लब में दासाहब की तस्वीर पर माल्यार्पण करने के पश्चात क्लब के सभी पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा सरकारी अस्पताल में मरीजों को फल व बिस्कुट वितरित किए गए। अस्पताल में



लगभग 100 मरीजों को फल व बिस्कुट क्लब की ओर से वितरित किए गए। दोपहर में महेश जोशी कि स्मृति में वालिबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम में क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हंसमुखलाल सेठ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजनीकांत खाब्या, चंद्रशेखर बाबूजी,निलेश मेहता, मुकेश अग्रवाल,अजय जोशी ,देव शंकर पंड्या,अशोक जोशी,इंद्रजीत सिंह राठौड़, लल्लन तिवारी,विपिन भट्ट,राजकुमार प्रजापत,सुधीर स्वर्णकार,विनोद सोनी, प्रमोद जोशी यतीश देसाई आदि उपस्थित थे।यह जानकारी क्लब के महासचिव अजय निगम ने दी।

# सेना (अग्निवीर) भर्ती के लिये आर्मी पोर्टल पर 12 मार्च 2025 से 25 अप्रैल 2025 तक कर सकेंगे आवेदन

मरुधर विशेष

**रेखब चन्द शर्मा संवाददाता कामां डीग,** । एआरओ अलवर ने बताया कि सेना (अग्निवीर) भर्ती के लिये पंजीकरण तिथि बढ़ा कर 25 अप्रैल 2025 तक कर दि गई है, इच्छुक उम्मीदवार 25 अप्रैल 2025 तक अपना पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 01 अक्टुबर 2004 से 01 अप्रैल 2008 जन्मतिथी वाले सारे उम्मीदवार इस चयन प्रक्रिया के योग्य हैं और उम्मीदवार की ई-मेल आई डी और आधार से लिकं मोबाइल नम्बर अनिवार्य है। आई0 टी0 आई0 का बोनस मार्क्स केवल टेकनिकल के लागू है। अन्य टेड्रों में इसका बोनस मार्क्स नहीं मिलेगा। इस वर्ष उम्मीदवार अपनी पात्रता के आधार पर किसी भी दो श्रेणियों के लिये आवेदन कर सकते हैं। दो विकल्प चाहने वाले उम्मीदवारों को दो श्रेणियों के फॉर्म अलग-अलग भरने होंगे, अपनी पसंद की श्रेणियों से सबंधित दो सामान्य प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होना होगा। श्रेणियों की प्राथमिकता उम्मीदवार द्वारा आवेदन चरण के दौरान ही भरी जायेगी। पंजीकरण और परीक्षा प्रकिया पर वीडियो और अभ्यास के लिये मॉक टेस्ट जॉइन इंडियन आर्मी वेबसाइट पर उपलब्ध होंगें।उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए 222. joinindianarmy .nic.in पर प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने उम्मीदवारों से अपील की दलालों और धोखेबाजों के झासों में न आएँ। सहायता के लिये ए0 आर0 ओ0 अलवर से संपर्क करें (0144-2702169 एवं मेल ई-मेल आई डी aroalwar.123@gmail.com)

# कदम्ब डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन द्वारा लड़कियों और महिलाओ को सिलाई व मेंहदी का प्रशिक्षण दिया जाएगा




मरुधर विशेष

**बहरोड़। धर्मेन्द्र चर्खिया** कदम्ब डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन, बहरोड़ जो श्री कदम्ब अग्रवाल की स्मृति में बनाया गया है जिसकी डायरेक्टर शिल्पा बर्बरीक अग्रवाल ने बताया कि कदम्ब फाउंडेशन द्वारा शिक्षा का दान देकर, एक बेहतर कल बनाने और भविष्य का निर्माण करने में शिक्षा, एक ऐसा निवेश जो हमेशा फल देता है , इस हेतु "रवि की किरण "और "शारदा की कला "अभियान के तहत आज रेवाना गाँव में पहली शाखा की शुरुआत हुई जिसमें "रवि की किरण " के तहत कुमारी खुशबू द्वारा 10 बच्चों को ट्यूशन द्वारा शिक्षा और "शारदा की कला " के तहत सीमा भगवान सिंह द्वारा 10-10 लड़कियों और महिलाओ को सिलाई व मेंहदी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जो भविष्य का निर्माण, अतीत का सम्मान करता है। जिसमें अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि शिक्षा दान महादान ये आए जीवन भर काम ,इसी उद्देश्य से ये अभियान चलाया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि रेवना गांव के सरपंच लीलाराम का सम्मान दिव्यम अग्रवाल द्वारा किया गया । कार्यक्रम में संगीता शर्मा ,भगवती देवी, रेणुका यादव सुषमा यादव, कविता यादव देवेन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर नगर निकायों में वार्डों का पुनः निर्धारण

17 अप्रैल 2025 तक लिखित रूप में जिला कलेक्टर अथवा संबंधित उपखंड अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अपनी आपत्ति

मरुधर विशेष

**रेखब चन्द शर्मा संवाददाता कामां** डीग, 09 अप्रैल। स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर की अधिसूचना दिनांक 18 मार्च 2025 के अनुसार जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर नगर निकायों में वार्डों का पुनः निर्धारण किया गया है, जिसके अनुसार नगर परिषद डीग क्षेत्र में वार्डों की संख्या 40, नगर पालिका सीकरी में 25, नगर पालिका पहाड़ी में 20, नगर पालिका कुम्हेर में 25, नगर पालिका कामां में 35 और नगर पालिका नगर में 35 निर्धारित की गई है। उक्त अधिसूचना की पालना में नगर परिषद डीग द्वारा 40 वार्ड, नगर पालिका सीकरी द्वारा 25 वार्ड, नगर पालिका पहाड़ी द्वारा 20 वार्ड, नगर पालिका कुम्हेर द्वारा 25 वार्ड, नगर पालिका कामां द्वारा 35 वार्ड और नगर पालिका नगर द्वारा 35 वार्ड के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं जिनके सीमांकन का वार्ड वार विवरण नगर परिषद डीग/उपखंड अधिकारी डीग/नगर पालिका सीकरी/उपखंड अधिकारी सीकरी/नगर पालिका पहाड़ी/उपखंड अधिकारी पहाड़ी/नगर पालिका कुम्हेर/उपखंड अधिकारी कुम्हेर/नगर पालिका कामां/उपखंड अधिकारी कामां/नगर पालिका नगर/उपखंड अधिकारी नगर/स्थानीय कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है। अतः नवगठित वार्डों के पुनर्गठन/पुनर्सीमांकन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 18 मार्च 2025 से 17 अप्रैल 2025 तक अपनी आपत्ति लिखित रूप में जिला कलेक्टर अथवा संबंधित उपखंड अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

# भाजपा का विकास आने वाली पीढ़ियों के हित में, स्थापना दिवस कार्यक्रम में बांसवाड़ा राज्य में प्रथम यह कार्यकर्ताओ की मेहनत का फल है

## तेलंगाना में कोंग्रेस की सरकार ने काटे 400 एकड़ जंगल - उनके सहयोगी दल की सरकार के खिलाफ जल, जंगल, जमीन की बात करने वाले बाप के सांसद के मुह से नहीं निकला विरोध का एक भी शब्द-पूंजीलाल गायरी जिलाध्यक्ष

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** कुशलगढ़: भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठोड़, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत एवं जनजाति मंत्री एवं बांसवाड़ा जिला प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी 12 अप्रेल को सज्जनगढ़ मण्डल के संदलाई बड़ी गाँव मे हाई लेवल केनाल के शिलान्यास कार्यक्रम की पूर्व तैयारी बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष पूंजीलाल गायरी, पूर्व केबिनेट मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालविया, पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई डामोर, जिला महामंत्री दीपसिंह वसुनिया, सज्जनगढ़ मण्डल अध्यक्ष रमणलाल गरासिया, डूंगराछोटा मण्डल अध्यक्ष मेरावत, कुशलगढ़ मण्डल अध्यक्ष सोहनलाल डामोर, सज्जनगढ़ प्रधान रामचंद्र डिंडोर, कुशलगढ़ प्रधान कान्हेंग रावत, पूर्व मंडल



अध्यक्ष हरेन्द्र जी नायक, सूर्यसिंग लबाना, पूर्व उप जिला प्रमुख कांतिलाल जी पंचाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रताप जी पटेल, वरिष्ठ नेता दिलीप पटेल के सानिध्य में सज्जनगढ़ में बैठक आयोजित की गई।

बैठक को सम्बोधित करते हुवे पूर्व मंत्री मालविया ने कहा की हाई लेवल केनाल आने से क्षेत्र में विकास एवं कृषकों को खेती के लिए पानी की आजादी के बाद से आज तक की मांग पुरी होने वाली है यह एतिहासिक उपलब्धि है। हमें आने वाले अतिथियों के स्वागत में कोई कमी नही छोड़नी है। हमें इतनी बड़ी उपलब्धि देने के लिए आने वाले हमारे प्रदेशाध्यक्ष जी एवं दोनो मंत्री महानुभावो को यह विश्वास दिलवाना है की भाजपा का हर कार्यकर्ता एवं जनता भाजपा के साथ है, विकास के साथ है। भाजपा जिलाध्यक्ष पूंजीलाल गायरी ने कहा की आज देश में मोदी जी की केन्द्र एवं भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य का सतत विकास हो रहा है। इस क्षेत्र में पूर्व की भाजपा सरकात ने 1200 करोड़ की हर घर नल से जल योजना के तहत पीने के पानी की सुविधा की है एवं वर्तमान सरकार ने 2500 करोड़ की हाई लेवाल केनाल योजना से क्षेत्र के हर खेत तक पीने के पानी की व्यवस्था कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि इस क्षेत्र को सौगात के रुप में दी है। यह कार्य आने वाले समय में इस क्षेत्र के विकास को तेज गति प्रदान करेंगे। हमें भाजपा के विकास की इन उपलब्धियों को घर घर पहुंचाकर आने वाले पंचायती राज चुनाव में भारतीय जनता पार्टी समर्थित पंच, सरपंच एवं भाजपा के जनपद, प्रधान एवं जिला परिषद सदस्य एवं जिला प्रमुख बनाकर प्रदेश नेतृत्व का आभार जताना है। तेलंगाना में कोंग्रेस की सरकार के 400 एकड़ जंगल को रात में जैसीबी से काटने का विरोध करते हुवे कहा की यहां जल, जंगल, जमीन की बात करने वाले बाप पार्टी के सांसद राजकुमार रोत के मुह से उनकी सहयोगी पार्टी कोंग्रेस सरकार के विरोध में एक शब्द ना निकालना उनके चरित्र को दर्शाता है ओर उनकी कथनी एवं करनी के अंतर को बताता है। अंत में 12 अप्रेल के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यकर्ताओ को दायित्व देकर व्यवस्थाए सुनिश्चित की गई। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, भाजपा समर्थित सरपंच एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ये जानकारी महेश सोनी ने दी।

# मेघवाल विकास समिति ब्लॉक नीमराना कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता ज्ञान देव आहूजा का फूंका पुतला

## मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग

## मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी नीमराना को दिया ज्ञापन

मरुधर विशेष

**नीमराना ( सुनील मेघवाल)** नीमराना में मेघवाल विकास समिति के कार्यकर्ताओं के द्वारा बुधवार को भाजपा नेता ज्ञान देव आहूजा के पुतले की शव यात्रा निकालकर पुतला फूंका गया। मेघवाल विकास समिति ब्लॉक नीमराना अध्यक्ष एडवोकेट अशोक पनवाल ने बताया कि अलवर में भाजपा नेता ज्ञान देव आहूजा के द्वारा राजस्थान प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली के द्वारा मंदिर में कार्यक्रम में पहुंचने के बाद मंदिर पहुंचकर है अमर्यादित टिप्पणी कर मंदिर में गंगाजल छिड़कने का काम किया है जिससे सामाजिक सौहार्द को छीन भिन्न करने का अपराध भाजपा नेता के द्वारा किया गया है। भाजपा



नेता के द्वारा नफरत की आग भड़काने की कोशिश की है हम आहूजा के बयानों को कड़े शब्दों में निंदा करते हैं तथा राज्य सरकार से आग्रह करते हैं कि ऐसी कुछ सोच के व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में इस तरह की पुनरावती ना हो इसलिए कठोर कानून बनाया जाए। अगर ज्ञान देव आहूजा के खिलाफ सरकार द्वारा मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई नहीं करती है तो हमें मजबूरन बड़े पैमाने पर आंदोलन तेज करने पर मजबूर होना पड़ेगा। मामले को लेकर आज ज्ञान देव आहूजा के पुतले की शव यात्रा निकालकर पुतला फूंका गया। मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी नीमराना के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही करने की मांग की।

इस अवसर पर मेघवाल विकास समिति ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अशोक पनवाल, अंबेडकर युवा समिति नीमराना ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट देवानंद मोरोडिया,नोतराम गुरुजी,कायसा सरपंच भूपसिंह, महेंद्र ठेकेदार, महावीर सिंह वरिष्ठ अध्यापक, गजेंद्र सिंह ,अशोक निभोरिया,रामनिवास सामरिया, सतीश निभोरिया, विजय चौहान मनीष यादव, जितेंद्र सामरिया, पवन सिरोहीवाल, जयकिशन, महावीर ठेकेदार ,नवीन बड़ीसवाल, सुरेश जलालपुरिया ,राजू पंच ,मोहन यादव, सरजीत सिंह, सुभाष नोटरी, रविंद्र सामरिया,रतनलाल, विक्रम सिंह,ढिल्लू, कपिल ,सोनू पनवाल सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# पुलक सागर जी महाराज जी के दर्शन करके उनसे आशीर्वाद लिए



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर आज विश्व हिन्दू परिषद की मातृशक्ति और बजरंग दल के सदस्यों ने बाहुबली कॉलोनी जैन मंदिर मे मंगल प्रवेश हुए संत आचार्य 108 श्री पुलक सागर जी महाराज जी के दर्शन करके उनसे आशीर्वाद लिए जिसमें उपस्थिति विश्व हिन्दू परिषद के विशेष सम्पर्क सदस्य प्रान्त के श्री अजीत जी कौशिक मातृशक्ति की विभागीय सतसंग प्रमुख मिथलेश जी कौशि जिला धर्म प्रचार प्रमुख रमेश तेली जिला सुरक्षा प्रमुख बजरंग जसवंत राठौर नगर मंत्री योगेश भट्ट महावीर बोहरा जिला बल संस्कार प्रमुख साधन देवड़ा शशि कटारा प्रतिभा जैन चंदा सिंह सीमा दवे राजकुमारी सभी विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर नगर निकायों में वार्डों का पुनः निर्धारण

# 17 अप्रैल 2025 तक लिखित रूप में जिला कलेक्टर अथवा संबंधित उपखंड अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अपनी आपत्ति

मरुधर विशेष

**रेखब चन्द शर्मा संवाददाता कामां डीग,** । स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर की अधिसूचना दिनांक 18 मार्च 2025 के अनुसार जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर नगर निकायों में वार्डों का पुनः निर्धारण किया गया है, जिसके अनुसार नगर परिषद डीग क्षेत्र में वार्डों की संख्या 40, नगर पालिका सीकरी में 25, नगर पालिका पहाड़ी में 20, नगर पालिका कुम्हेर में 25, नगर पालिका कामां में 35 और नगर पालिका नगर में 35 निर्धारित की गई है। उक्त अधिसूचना की पालना में नगर परिषद डीग द्वारा 40 वार्ड, नगर पालिका सीकरी द्वारा 25 वार्ड, नगर पालिका पहाड़ी द्वारा 20 वार्ड, नगर पालिका कुम्हेर द्वारा 25 वार्ड, नगर पालिका कामां द्वारा 35 वार्ड और नगर पालिका नगर द्वारा 35 वार्ड के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं जिनके सीमांकन का वार्ड वार विवरण नगर परिषद डीग/उपखंड अधिकारी डीग/नगर पालिका सीकरी/उपखंड अधिकारी सीकरी/नगर पालिका पहाड़ी/उपखंड अधिकारी पहाड़ी/नगर पालिका कुम्हेर/ उपखंड अधिकारी कुम्हेर/ नगर पालिका कामां/उपखंड अधिकारी कामां/नगर पालिका नगर/ उपखंड अधिकारी नगर/स्थानीय कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है। अतः नवगठित वार्डों के पुनर्गठन/पुनर्सीमांकन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 18 मार्च 2025 से 17 अप्रैल 2025 तक अपनी आपत्ति लिखित रूप में जिला कलेक्टर अथवा संबंधित उपखंड अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

# ज्ञानदेव आहूजा के सार्वजनिक कुकृत्य के विरोध में बहरोड़ कोतवाली/कचहरी के सामने जूतों की माला पहना कर उसका पुतला दहन किया गया

मरुधर विशेष

**बहरोड़** के सर्व समाज द्वारा ज्ञानदेव आहूजा के सार्वजनिक कुकृत्य के विरोध में बहरोड़ कोतवाली/कचहरी के सामने जूतों की माला पहना कर उसका पुतला दहन किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि ज्ञान देव आहूजा अपने द्वारा किए गए असामाजिक एवं गैरकानूनी कुकृत्य के लिए समाज के सामने सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगे। यदि ज्ञानदेव आहूजा द्वारा सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी जाती है तो सर्वसमाज इसके विरोध में नीतिगत आंदोलन करेगा।

ज्ञानदेव आहूजा द्वारा यह कहा जाना कि नेता प्रतिपक्ष टीका राम जूली के मंदिर जाने से मंदिर अपवित्र हो गया जिसे मेरे द्वारा गंगा जल छिड़क कर



पवित्र किया गया है, बेहद निंदनीय कुकृत्य है। आहूजा के इस कुकृत्य की सर्व समाज द्वारा सार्वजनिक रूप से निंदा की गई।

ज्ञान देव आहूजा के पुतला दहन कार्यक्रम में पूरन सिंह मेघवाल, जिलाध्यक्ष, डॉ. अंबेडकर विचार मंच (समिति), सम्पत पार्षद, सुभाष जेलर, भीम सेना जिलाध्यक्ष अरविंद चौरेडिया, कैप्टन गुगन राम, विजय कुमार, डॉ अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी के ब्लॉक अध्यक्ष मास्टर सुभाष चंद्र, पार्षद सुनील चौहान, पूर्व पार्षद हरिकृष्ण, बबलू गोठवाल, राधेश्याम मिस्त्री, ओमप्रकाश, ढिल्लू, नितिन गोठवाल, डॉ बी आर अंबेडकर एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष शमशेर सिंह, अभय सिंह, अजय कुमार, अमित कुमार, यशवीर आदि उपस्थित रहे।

## विधायक हंसराज पटेल ने की जनसुनवाई

# महात्मा ज्योतिबा फूले नगर भ्रमण रैली के बैनर का किया विमोचन

मरुधर विशेष

**कोटपूतली,** विधायक हंसराज पटेल ने बुधवार को कस्बे के कांवर नगर स्थित कार्यालय पर नियमित जनसुनवाई करते हुये आमजन के अभाव-अभियोग सुने। इस मौके पर उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फूले की 198 वीं जयन्ती के अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान व सैनी सभा संस्था के संयुक्त तत्वाधान में कस्बे के सब्जी मण्डी से मुख्य चौराहा स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले चौक तक निकाली जा रही नगर भ्रमण रैली के बैनर का विमोचन किया। उल्लेखनीय है कि सैनी युवा टीम द्वारा फूले जयंती के अवसर पर कस्बे के डाबला रोड़ स्थित एक निजी




गार्डन में 13 वाँ विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर गुरूवार 10 अप्रैल को आयोजित किया जायेगा। इस दौरान पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी व प्रकाश चंद सैनी, पूर्व पार्षद हनुमान सैनी, बिड़दीचंद हवलदार, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी समेत अन्य मौजूद रहे। वहीं दुसरी ओर पटेल ने विभिन्न गाँवों से आये ग्रामीणों की समस्यायें सुनते हुये उनका निस्तारण किया। ग्राम पंचायत देवता-छारदड़ा के ग्रामीणों ने सरपंच रामनरेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में विधायक पटेल का अभिनंदन भी किया।

# भाजपा कुशलगढ़ नगर मंडल द्वारा "संगठन महापर्व" के अंतर्गत सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** कुशलगढ़: भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे "संगठन महापर्व" के अंतर्गत दिनांक 8 अप्रैल 2025 को कुशलगढ़ नगर में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन नगर पालिका के गांधी हॉल में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश मंत्री कृष्णा कटारा रहीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जीवन, सेवा, समर्पण एवं जनसंपर्क की भूमिका पर गहन मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की आत्मा कार्यकर्ता होता है, और सक्रिय कार्यकर्ता ही संगठन को सशक्त बनाते हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष रेखा जोशी ने की तथा संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र





सेठिया द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र आहारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष लीला पडियार प्रधान कान्हिंग रावत उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, रमेश तलेसरा, ललिता सोनी, मुस्ताक मकरानी, महावीर कोठारी, केजार समेति, हितेश पडियार, महेंद्र प्रतापसिंह झाला, रितेश बम, महामंत्री दिलीप टेलर, राघवेश चरपोटा, मंत्री रितेश गादिया, प्रीतेश पंड्या, मीना चौहान, निर्मला बाग, भावेश आहारी, महेश प्रजापत, गोवर्धन राठौड़, महेश भाई, कोषाध्यक्ष मुकेश पंचाल, मीडिया प्रभारी रोनक टेलर, पार्षदगण नरेश गदिया, शंकरलाल डामोर, महेंद्र शाह, राहुल सोनी, संजय चौहान, बूथ अध्यक्ष कीर्ति राठौर, महिपाल प्रजापत, जगदीश चौहान, आशीष जोशी, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष नम्रता जैन, आर्थिक प्रकोष्ठ पथिक मेहता, पेंशनर समाज उपाध्यक्ष आनंदीलाल बसेर आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन महामंत्री राघवेश चरपोटा द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की उत्साहजनक उपस्थिति और सहभागिता देखने को मिली, जिससे संगठन की सक्रियता और मजबूती का परिचय मिला।

## बेटियों को स्वावलंबी बनाने के लिये शिक्षा जरूरी :- राधा पटेल

# राजकीय एलबीएस महाविधालय में वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

मरुधर विशेष

**कोटपूतली,** यहाँ के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल ने कहा कि हमें बेटियों की शिक्षा के लिये विशेष रूप से प्रयास और मार्गदर्शन करना चाहिये। बेटियों को स्वावलंबी बनाने के लिये शिक्षा बेहद आवश्यक है। मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त पूर्व आचार्य डॉ. महावीर प्रसाद कुमावत ने कहा कि भारत राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्य है। भारत को जानो, भारत को मानो, भारत के बनो और भारत को बनाओ। भारत के विश्व गुरु के सम्मान और पुरातन गौरव को हमें वापस लाना होगा। हमें स्व के भाव को जागरण करना चाहिये, हमें सकारात्मक सोच को धारण करना चाहिये। विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने विद्यार्थियों से कहा कि महाविद्यालय में सदैव अनुशासन में रहकर गुरुजन का सम्मान करते हुये शिक्षा अर्जित करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से दूर रहकर तकनीकी साधनों का सदुपयोग करते हुये महाविद्यालय की स्वस्थ परम्परा को





बनाये रखना चाहिये। विशिष्ठ अतिथि पूर्व सरपंच जयराम गुर्जर व राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर पी गुर्जर ने भी अपने विचार व्यक्त किये। प्राचार्य डॉ. आर के सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षिक तथा सह शैक्षिक वार्षिक गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। साथ ही सत्र 2024-25 के अंतर्गत महाविद्यालय द्वारा किए गए श्रेष्ठ कार्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा महाविद्यालय के अकादमिक क्षेत्र में श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त विद्यार्थी, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, निबंध, आशु भाषण, पोस्टर, भाषण, प्रश्नोत्तरी, गायन, नृत्य आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरूस्कृत किया गया। एक से अधिक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पुरूस्कृत विद्यार्थियों में स्वर्ण पदक विजेता सारिका डाबड़ तथा श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर भास्कर लांबा, भारती यादव, सीमा कुमारी, मुस्कान कंवर, दीपसिंह शेखावत, अनमोल गोयल आदि विद्यार्थियों को पुरूस्कृत किया गया। देवनारायण एवं कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के अंतर्गत लाभान्वित 30 छात्राओं को स्कूटियां वितरित की गई। इस मौके पर विधार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें गायन, नृत्य आदि के माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बहुत ही शानदार प्रस्तुतियां दी गई। मंच संचालन डॉ. प्रभात शर्मा ने किया। जबकि डॉ. उर्मिल महलावत ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में विधार्थी, स्टॉफ सदस्य व अभिभावकगण मौजूद रहे।

Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शाम्दा अलवर से प्रकाशित। मो. 9653906665, 7014373732